एयरपोर्ट जाने वालों को जाम से बचाएगी टनल

एनएचएआई ने बृहस्पतिवार से शुरू किया टनल का अधिकारिक रूप से ट्रायल रन, 5 जून तक चलेगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर बनाई गई टनल के माध्यम से अब इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जाना आसान हो गया है। गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से इस टनल का अधिकारिक रूप से ट्रायल रन शुरू किया गया। ट्रायल रन को झंडी मिलते ही वाहन इस टनल में सरपट दौड़ते नजर आए। देश के विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति की टनल में की गई पेंटिंग से नजारा और भी खूबसूरत हो गया।

गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस-वे के माध्यम से अब एयरपोर्ट और द्वारका की तरफ जाना आसान हो गया है। एयरपोर्ट तक बनाई गई टनल से एयरपोर्ट जाने में समय और धन की बचत होगी। आम तौर पर गुरुग्राम एनएच-48 से महिपालपुर की तरफ से एयरपोर्ट पर जाने के लिए लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। एक से दो घंटे का समय एयरपोर्ट

गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस-वे पर दिल्ली एयरपोर्ट तक जाने के लिए बनाई गई टनल का दृश्य।

तक जाने में लग जाता है। क्योंकि सुबह और शाम के समय इस रूट पर यातायात का काफी दबाव रहता है। गुरुग्राम-दिल्ली के बीच का यह जाम विदेशों में भी चर्चा का विषय रह चुका है। इस जाम का तोड़ निकालने के लिए द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया गया है। अब जयपुर से आने वाले या पलवल, फरीदाबाद से एयरपोर्ट जाने वाले लोगों को इसी रूट से आसानी होगी। मानेसर से मात्र आधे घंटे में एयरपोर्ट पहुंचा जा सकेगा।

टनल की शुरुआत के मौके पर मिठाई भी बांटी गई और वाहन चालकों को फूल भी दिए गए। यानी वाहन चालकों को यहां एनएचएआई की तरफ से स्वागत किया गया। सभी की सुगम, सफल यात्रा की कामना करते हुए आगे बढ़ाया गया।

ट्रायल रन के दौरान मौके पर मौजूद द्वारका एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर सविता रानी ने कहा कि वाहन चालकों को सुरक्षित और सुगम यात्रा कराना ही उद्देश्य है। वाहन चालकों से उन्होंने अपील की कि तय गति सीमा में ही सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं। समय कम करने के लिए एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया गया है। ऐसे में तेज गति से वाहन चलाकर खुद के लिए व दूसरों के लिए परेशानी का कारण ना बनें। सभी वाहन चालकों को सुरक्षित यात्रा के लिए उन्होंने शुभकामनाएं दीं।

दुपहिया-तिपहिया वाहन रहेंगे प्रतिबंधित

टनल को पांच जून तक ट्रायल रन के लिए शुरू किया गया है। रोजाना दोपहर 12 बजे से शाम तीन बजे तक वाहनों का ट्रायल होगा। माना जा रहा है कि पांच जून तक इसे पूरी तरह से संचालित किया जाएगा। यह टनल 3.6 किलोमीटर लंबी है। टनल में सिर्फ 4.5 मीटर ऊंचाई वाले वाहनों को ही प्रवेश दिया जाएगा। दुपहिया और तिपहिया वाहनों के अलावा तेल के टैंकर आदि के यहां से गुजरने की प्रतिबंध रहेगा।

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करता था वकील

- फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर वारदात को देता था अंजाम, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पेशे से वकील फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर ठगी करता था। डिजिटल अरेस्ट करके वह ठगी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी वकील को काबू करके उसके फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने गुरुवार को बताया कि आरोपी को ग्रेटर नोएडा से काबू किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 23 मई 2024 को एक व्यक्ति ने पुलिस थाना साइबर अपराध दक्षिण, गुरुग्राम में एक लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया था कि पुलिस अधिकारी बनकर वाट्सऐप कॉल के माध्यम से उसे डिजिटल अरेस्ट करके ठगी कर ली गई। पीड़ित की शिकायत पर थाना साइबर अपराध दक्षिण में केस

पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी वकील।

दर्ज करके जांच शुरू की गई। सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध प्रियांशु दीवान के नेतृत्व में थाना साइबर अपराध दक्षिण के प्रबंधक नवीन कुमार ने ठगी के मामले में आरोपी तक पहुंचने के लिए जांच-पड़ताल करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने उसे ग्रेटर नोएडा से काबू किया। आरोपी की पहचान आनंद कुमार शुक्ला (35) निवासी सेक्टर-10 ग्रेटर नोएडा (उत्तर-प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी आनंद कुमार शुक्ला (खाताधारक) पेशे से वकील हैं। मुख्य रूप से दिल्ली में वकालत करता है। ठगी के इस केस में पीड़ित से ठगी गई राशि में से 18 लाख रुपये आरोपी वकील आनंद के बैंक खाते में ट्रान्सफर किए गए थे। आरोपी ने अपना बैंक खाता अपने एक अन्य साथी को बेचा हुआ था, जिसके बदले उसे उसके बैंक में ट्रांसफर हुई राशि का तीन प्रतिशत हिस्सा मिलता था। आरोपी अपने अन्य साथी आरोपी से 50 हजार रुपये ले भी चुका था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को अदालत में पेश करके चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से अन्य साथी आरोपियों व अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

आंधी-बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत

- बारिश रुकते ही टूटे पेड़ हटाकर पुलिस ने यातायात कराया चालू

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुवार शाम को तेज आंधी-तूफान के साथ बरसात आई। एकाएक मौसम खराब हुआ और आंधी-तूफान ने टेंशन पैदा कर दी। इसी बीच बरसात भी शुरू हो गई। लोग जब तक संभलते, तब तक तो बारिश में वे भीग गए। कई जगह पर पेड़ भी टूटे।

गुरुग्राम में गुरुवार की शाम पांच बजे से तेज आंधी व बरसात शुरू हो गई। कुछ देर पहले तक गर्मी में पसीने से तर-बतर लोगों को एकाएक राहत मिली। किसी ने बरसात से खुद को भीगने से बचाया तो कोई बरसात में भीगने का आनंद ले रहा था। आंधी-तूफान आते ही अंधेरा छा गया। वाहन चालक भी वाहनों की लाइटें जलाकर चलने

गुरुग्राम में आंधी से टूटकर सड़क पर गिरे पेड़ को हटवाता एक यातायातकर्मी।

लगे। बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया। तूफान से कई निर्माणाधीन इमारतों की शटरिंग गिरने की सूचना मिली, हालांकि वहां कोई हताहत नहीं हुआ। पेड़ गिरने की भी सूचनाएं आई। अचानक आई बारिश से दुपहिया वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हुई।

तेज आंधी और बारिश होने के कारण रोड पर कई जगह पेड़ और टहनियां टूटकर गिर गए थे। जिस कारण यातायात का संचालन सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा था। यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर गिरे पेड़ों और टहनियों को रोड से तुरन्त हटाकर यातायात का सफल वा सुचारू संचालन कराया गया। बरसात के दौरान एनएच-48 पर आईएमटी चौक के पास सड़क के दोनों ओर वजीराबाद चौक, बख्तावर चौक आदि कई जगहों पर पेड़/ टहनियां टूटकर रोड पर गिर गए थे।

आत्मविश्वास और मेहनत से हर बाधा हो सकती है पार: दत्तात्रेय

- बंडारू दत्तात्रेय ने मूक-बधिर युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि दिव्यांगजनों में अपार प्रतिभा होती है। यदि उन्हें उचित अवसर और मार्गदर्शन मिले तो वे समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे समाज की जिम्मेदारी है कि हम मूक-बधिर युवाओं जैसे विशेष वर्ग के लिए रोजगार के बेहतर अवसर सुनिश्चित करें ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह बात उन्होंने गुरुवार को सेक्टर-15 पार्ट-2 स्थित हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी फॉर पर्सन्स विद स्पीच एंड हियरिंग इंपेयरमेंट में आयोजित समारोह में कही।

इस अवसर पर राज्यपाल ने

गुरुग्राम स्थित हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी में मूक बधिर युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

संस्था द्वारा हाल ही में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के तहत चयनित मूक-बधिर युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस ड्राइव के माध्यम से कुल 22 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में हुआ, जिनमें 14 युवक और आठ युवतियां शामिल हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह दिन न केवल गर्व का है। यह उन युवाओं की मेहनत, संकल्प और आत्मविश्वास का उत्सव है जिन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि अक्षमता कोई सीमा नहीं, बल्कि एक अवसर है। उन्होंने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्ति पत्र केवल एक कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है।

राज्यपाल ने बताया कि परफेक्टी, मेल बैन इंडिया लिमिटेड, भारत सीड्स और फ्रंटियर ग्रुप जैसी नामी कंपनियों ने संस्था में आकर साक्षात्कार लिए और योग्य विद्यार्थियों का चयन किया। उन्होंने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

बंडारू दत्तात्रेय ने यह भी बताया कि संस्था द्वारा विद्यार्थियों को वोकेशनल ट्रेनिंग, हैंडीक्राफ्ट, साइन लैंग्वेज और अन्य रोजगारपरक कौशल सिखाए जा रहे हैं। इसके साथ ही पंचकूला में स्थापित महाज्ञानी ऋषि अष्टावक्र केंद मूक-बधिर युवाओं के तकनीकी प्रशिक्षण और पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

राज्यपाल ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से कार्य करें और समाज में उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित करें। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व की बात है और वे लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बनेंगे। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मूक-बधिर युवाओं को मुख्यधारा में शामिल करना सामाजिक समरसता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

नगर निगम ने सील किया आईएमटी स्थित पेट्रोल पंप का कार्यालय

फरीदाबाद। नगर निगम द्वारा बृहस्पतिवार को कई संपत्तियों को सील किया गया है इनमें ऊपर लाखों रुपए का टैक्स बकाया था। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि आगामी 1 जून से निगम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वाले बकायादारों पर सख्ती की जाएगी और समय पर टैक्स न देने पर प्रॉपर्टियों को सील किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय कर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बकाया प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवर करने के लिए सख्त कदम उठाए।

नगर निगम की टीम जब सेक्टर 3 स्थित पेट्रोल पंप पर सीलिंग के लिए पहुंची तो उन्होंने मौके पर 1 लाख 48 हजार रुपए से ज्यादा का प्रॉपर्टी टैक्स का चेक निगम की टीम को सौंप दिया। इसके अलावा प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने पर बल्लभगढ़ जॉन में निगम द्वारा सेक्टर 69 आईएमटी स्थित पेट्रोल पंप के कार्यालय को सील किया गया है और सेक्टर 59 में भी एक फैक्ट्री को 4 लाख 71 हजार रुपए से ज्यादा के बकाया टैक्स के मामले में सील किया गया है। अन्य सभी जॉन में यह कार्यवाही की गई है।

12 जुलाई को लगेगी लोक अदालत: सीजेएम

फरीदाबाद। सीजेएम रितु यादव के नेतृत्व में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को जिला न्यायालय परिसर में आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य ट्रैफिक चालान केसों का निपटारा बैंक रिकवरी मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा मामले, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, फौजदारी जमानती मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले, बिजली और पानी के बिलों से जुड़े विवाद, राजस्व मामले, और अन्य छोटे-छोटे वादों का आपसी सहमति से अधिक से अधिक निपटान करना है।

नियम उल्लंघन पर खनन विभाग ने किया वाहन सीज

फरीदाबाद। खनन विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में गत रात्रि जिला खनन अधिकारी कमलेश विधलान के नेतृत्व में खनन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा क्रेशर जोन रोड, बड़खल से सटे क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में चल रही अवैध खनन गतिविधियों की पहचान कर उन पर सख्त कार्यवाही करना है।

Sylvanus Properties Limited

(CIN: U70109DL2006PLC150229)

Extract of Audited Financial Results for the quarter and year ended 31 March 2025

(₹in Millions)

Sl. No.	Particulars	Quarter ended 31 March 2025 (Refer note 3)	Corresponding Quarter ended 31 March 2024 (Refer note 3)	Current year ended 31 March 2025 (Audited)	Previous year ended 31 March 2024 (Audited)
1	Total Income from Operations	(82.0)	111.0	146.8	210.5
2	Net (Loss) / Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	(291.1)	(1,105.3)	(390.5)	(1,286.5)
3	Net (Loss) / Profit for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(1,611.1)	(1,105.3)	(1,710.5)	(1,286.5)
4	Net (Loss) / Profit for the period after Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(1,655.4)	(1,104.1)	(1,757.7)	(1,285.9)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising (Loss) / Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(1,653.1)	(1,106.1)	(1,755.4)	(1,287.9)
6	Paid up Equity Share Capital	100.0	100.0	100.0	100.0
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	(8,504.7)	(6,755.8)	(8,504.7)	(6,755.8)
8	Securities Premium Account	-	-	-	-
9	Net Worth	(8,404.7)	(6,655.8)	(8,404.7)	(6,655.8)
10	Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	10,950.8	9,906.6	10,950.8	9,906.6
11	Outstanding redemption preference share	-	-	-	-
12	Debt Equity Ratio (in times)*	-	-	-	-
13	Earnings per Share (EPS) (Face value Per Share ₹10 each) - Basic (Amount in ₹) - Diluted (Amount in ₹)	(165.55) (165.55)	(110.42) (110.42)	(175.77) (175.77)	(128.59) (128.59)
14	Capital Redemption Reserve	-	-	-	-
15	Debenture Redemption Reserve	-	-	-	-
16	Debt Service Coverage Ratio (in times)**	-	-	-	-
17	Interest Service Coverage Ratio (in times)	(32.45)	-	(46.36)	-
18	Current ratio (In times)	0.36	0.45	0.36	0.45
19	Total debts to total assets	3.06	1.81	3.06	1.81
20	Long term debt to working capital (in times)#	-	-	-	-
21	Bad debt to account receivable ratio (In %)	-	-	-	-
22	Current liability ratio (In times)	0.84	1.00	0.84	1.00
23	Debtor turnover ratio (in times)$	-	0.98	1.34	1.91
24	Inventory turnover ratio (In times)	0.01	0.23	0.07	0.26
25	Operating margin (In %)	-	(901.69)	(74.33)	(491.51)
26	Net profit margin (In %)	-	(994.00)	(1,197.55)	(610.75)

* Ratio can not be calculated due to negative average shareholders funds.
** Ratio can not be calculated due to negative earning available for debt service.
# Ratio can not be calculated due to negative working capital.
$ Ratio can not be calculated due to negative revenue.

Notes :

1 The above results have been reviewed and approved by the Board of Directors ('the Board') at its meeting held on 29 May 2025.

2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52(8), read with 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com/sylvanus/) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

3. Figures for the quarter ended 31 March 2025 and corresponding quarter ended 31 March 2024 represent the balancing figures between the audited figures for the full financial year and published reviewed year to date figures upto third quarter of the financial year.

Registered Office:
Office no 202, 2nd Floor,A-18 Rama House, Middle Circle, Connaught Place , New Delhi- 110 001

For and on behalf of the Board of Directors

Rikesh Kirtikumar Lakhani
Whole-time director

Place : **Mumbai**
Date : **29 May 2025**

Tapir Constructions Limited

(CIN: U70200DL2014PLC267441)

Extract of Audited Financial Results for the quarter and year ended 31 March 2025

(₹in Millions)

Sl. No.	Particulars	Quarter ended 31 March 2025 (Refer note 3)	Corresponding Quarter ended 31 March 2024 (Refer note 3)	Current year ended 31 March 2025 (Audited)	Previous year ended 31 March 2024 (Audited)
1	Total Income from Operations	4.0	9.6	23.3	24.8
2	Net (Loss) / Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	(101.3)	(38.7)	(182.8)	(71.5)
3	Net (Loss) / Profit for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(101.3)	(38.7)	(182.8)	(71.5)
4	Net (Loss) / Profit for the period after Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(101.3)	(38.7)	(182.8)	(71.5)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising (Loss) / Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(97.7)	(39.2)	(179.2)	(72.0)
6	Paid up Equity Share Capital	0.5	0.5	0.5	0.5
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	(2,268.6)	(2,117.5)	(2,268.6)	(2,117.5)
8	Securities Premium Account	-	-	-	-
9	Net Worth	(2,268.1)	(2,117.0)	(2,268.1)	(2,117.0)
10	Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	2,432.0	3,540.5	2,432.0	3,540.5
11	Outstanding redemption preference share	-	-	-	-
12	Debt Equity Ratio*	-	-	-	-
13	Earnings per Share (EPS) (Face value Per Share ₹10 each) - Basic (Amount in ₹) - Diluted (Amount in ₹)	(2,022.74) (2,022.74)	(773.92) (773.92)	(3,654.38) (3,654.38)	(1,430.52) (1,430.52)
14	Capital Redemption Reserve	-	-	-	-
15	Debenture Redemption Reserve	-	-	-	-
16	Debt Service Coverage Ratio**	-	-	-	-
17	Interest Service Coverage Ratio	(1.09)	(0.54)	(0.66)	(0.35)
18	Current ratio (In times)	1.02	0.92	1.02	0.92
19	Total debts to total assets	0.73	0.71	0.73	0.71
20	Long term debt to working capital (In times)#	19.38	-	19.38	-
21	Bad debt to account receivable ratio (In %)	-	-	-	-
22	Current liability ratio (In times)	0.71	0.76	0.71	0.76
23	Debtor turnover ratio (In times)	-	-	-	-
24	Inventory turnover ratio (In times)	-	-	-	-
25	Operating margin (In %)	57.56	64.99	11.31	31.91
26	Net profit margin (In %)	(2,529.51)	(404.82)	(783.67)	(288.53)

* Ratio can not be calculated due to negative average shareholders funds.
** Ratio can not be calculated due to negative earning available for debt service.
# Ratio can not be calculated due to negative working capital.

Notes :

1 The above results have been reviewed and approved by the Board of Directors ('the Board') at its meeting held on 29 May 2025.

2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52(8), read with 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com/tcl/) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

3. Figures for the quarter ended 31 March 2025 and corresponding quarter ended 31 March 2024 represent the balancing figures between the audited figures for the full financial year and published reviewed year to date figures upto third quarter of the financial year.

Registered Office:
Office No. 202, 2nd Floor, A-18, Rama House, Middle Circle, Connaught Place, New Delhi- 110 001.

For and on behalf of the Board of Directors

Abhishek Rajninath Surve
Executive director

Place : **Mumbai**
Date : **29 May 2025**